डॉ. के. श्रीनिवासराव
सचिव
Dr. K. Sreenivasarao
Secretary

साहित्य अकादेमी
(राष्ट्रीय साहित्य संस्थान)
संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था
Sahitya Akademi
(National Academy of Letters)
An Autonomous Organisation of Government of India, Ministry of Culture

प्रेस विज्ञप्ति

साहित्य अकादेमी ने पुस्तक मेले में आयोजित की बाल साहिती और 'कविता में दिल्ली' पुस्तक का हुआ लोकार्पण

नई दिल्ली। 16 फरवरी 2024; विश्व पुस्तक मेले में साहित्य अकादेमी द्वारा आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की शृंखला में आज अकादेमी द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'कविता में दिल्ली' का लोकार्पण हुआ और बाल मंडप में बाल साहिती कार्यक्रम के अंतर्गत सुमन वाजपेयी एवं वेद मित्र शुक्ल ने कहानी और कविताओं का पाठ किया। साहित्य अकादेमी स्टॉल पर राधेश्याम तिवारी द्वारा संपादित पुस्तक का लोकार्पण मदन कश्यप, राकेश रेणु एवं मनोज मोहन आदि की उपस्थिति में हुआ। लोकार्पण के बाद अपने वक्तव्य में मदन कश्यप ने कहा कि यह पुस्तक बहुत ही उचित समय पर आई है और इसकी विस्तृत भूमिका दिल्ली के इतिहास को समझने के लिए बहुत उपयुक्त है। उन्होंने संग्रह में प्रकाशित अपनी एक कविता का भी पाठ किया। राकेश रेणु ने भी अपनी कविता का पाठ करने के बाद संपादक राधेश्याम तिवारी को बधाई देते हुए कहा कि यह दस्तावेज़ी काम है और इसकी बहुत आवश्यकता थी। राधेश्याम मंगोलपुरी ने भी संग्रह पर अपने विचार व्यक्त किए। अंत में सभी का धन्यवाद करते हुए राधेश्याम तिवारी ने भी दिल्ली पर लिखी अपनी एक कविता सुनाई।

बाल मंडप में आज प्रख्यात बाल साहित्यकारों सुमन वाजपेयी एवं वेद मित्र शुक्ल ने अपनी रचनाओं से बच्चों का मनोरंजन और मार्गदर्शन किया। सुमन वाजपेयी की कहानी 'टिम टिम तारे की कहानी' ने जहाँ बच्चों को ब्रह्मांड की कई रोचक जानकारियाँ दीं, वहीं वेद मित्र शुक्ल की कविताओं में बच्चों को प्यार और गुस्से में कहे जाने वाले संबोधनों जैसे – उल्लू, गधे, मेंढक आदि में रोचक कहानियाँ छुपी हुई थीं।

–के. श्रीनिवासराव

रवींद्र भवन, 35 फ़ीरोज़शाह मार्ग, नई दिल्ली-110 001, दूरभाष : +91-11-2338 7064, 2307 3002, फैक्स : +91-11-2338 2428
Rabindra Bhavan, 35 Ferozeshah Road, New Delhi-110 001, Phone: +91-11-2338 7064, 2307 3002, Fax +91-11-2338 2428
E-mail: secretary@sahitya-akademi.gov.in, Website: http//www.sahitya-akademi.gov.in